Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 30-04-2007

Participants : Athawale Shri Ramdas

Title: Need to expedite the passage of Women's Reservation Bill providing inter alia 33% reservation for Women in Parliament.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : महोदय, महिलाओं को आरक्षण देने का अधिनयिम संसद में वर्ा 2000 में एनडीए सरकार के दौरान आया था। लेकिन कई वर्ा व्यतीत हो जाने के पश्चात भी आज तक इसको अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इसलिए हमारी मांग है कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाये तथा लोक सभा की 543 सीटों के अनुसार जो 181 सीटें बैठती हैं उनको कुल मिलाकर 724 सीटें करने का कार्य किया जाये।

लेकिन यदि 2025 तक लोक सभा की न बढ़ाई जाने वाली सीटों को ध्यान में रखा जाये तो फिर लोक सभा की 543 सीटों में से 181 सीटों पर महिलायें एवं पुरूा दोनों को ही और यदि कोई दल इन 181 सीटों पर पुरूा के स्थान पर दोनों उम्मीदवार महिलाओं को ही बनाना चाहता है, तो ऐसा वह कर सकता है, दोहरे उम्मीदवार निर्वाचित किये जाने की व्यवस्था की जाये और इन 181 लोक सभा सीटों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान अर्थात् 61 लोक सभा सीटें आरक्षित की जाये।

मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह इस संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करते हुए महिला आरक्षण ि वधेयक को शीघ्र ही सदन से पारित करवाये जाने हेतु समुचित कदम उठाए।